Roll No.
28000 210/100/75/50

# DS-283

## November - December 2017

B. Com. IIIrd Semester Examination

ACCOUNTING GROUP लेखांकन समूह

Corporate Accounting निगमीय लेखांकन

Time 3 Hours] **DAVVonline.com** [Max. Marks : Regular 85 / Private 100
[Min. Marks : Regular 28 / Private 33

**नोट :** खण्ड अ, ब तथा स सभी नियमित एवं स्वाध्यायी विद्यार्थियों के लिए अनिवार्य है । प्रत्येक खण्ड में दिये गये निर्देशों का पालन करें । सभी के लिये अंक विभाजन योजना प्रश्नपत्र में दर्शाये अनुसार होगी । दृष्टि बाधित परीक्षार्थियों के लिये 60 मिनिट अतिरिक्त समय की अनुमति है ।

**Section A, B and C are compulsory for all Regular and Private students. Please follow the instructions, given in each section. Marks distribution for all students are as shown in question paper. The blind candidates will be given 60 minutes extra time.**

खण्ड अ : वस्तुनिष्ठ Section A : Objective Regular 15×1=15 / Private 15×1=15

1. बकाया मांग खाता है :
(अ) व्यक्तिगत खाता (ब) वास्तविक खाता (स) नाममात्र खाता (द) लाभ-हानि खाता ।
Call in arrear account is :
(a) Personal Account (b) Real Account (c) Nominal Account (d) Profit and Loss Account.

2. शोधनीय अधिमान अंशों का शोधन किया जा सकता है :
(अ) सामान्य संचय खाते से (ब) पूंजी संचय खाते से
(स) विनियोगों की विक्रय राशि से (द) ऋणपत्रों पर प्राप्त राशि से ।
Redeemable preference shares can be redeemed out of :
(a) General reserve A/c (b) Capital reserve A/c
(c) Sale of investment (d) Amount received on debentures.

3. ऋणपत्रों के शोधन के लिये ऋणपत्र शोधन संचय अनिवार्य है :
For redemption of Debentures, Debentures Redemption Reserve is compulsory :
(a) 25% (b) 50% (c) 75% (d) 10%.

4. लाभांश की दर प्रस्तावित की जाती है :
(अ) अंशधारियों द्वारा (ब) संचालक मण्डल द्वारा (स) सरकार द्वारा (द) जनता द्वारा ।
Rate of dividend is proposed :
(a) By Shareholders (b) By Board of Directors
(c) By Government (d) By Public.

DAVVonline.com

5. अंतरिम लाभांश हमेशा दर्शाया जायेगा :
(अ) लाभ-हानि लेखा में (ब) लाभ हानि विनियोजन लेखा में
(स) चिट्ठे के सम्पत्ति पक्ष में (द) चिट्ठे के दायित्व पक्ष में ।
Interim dividend is always show :
(a) In profit and loss account (b) In profit and loss appropriation account
(c) In asset side of balance sheet (d) In liabilities side of balance sheet.

6. प्रारम्भिक व्ययों का सम्बन्ध होता है :
(अ) समामेलन के पूर्व की अवधि से (ब) समामेलन के पश्चात् की अवधि से
(स) समामेलन के पूर्व एवं पश्चात् की अवधियों से (द) इनमें से कोई नहीं ।
Preliminary expenses are related to :
(a) Pre-incorporation period (b) Post-incorporation period
(c) Pre and post incorporation periods (d) None of these.

7. ख्याति पर ह्रास काटा जाता है :
(अ) घटती किश्त पद्धति से (ब) वार्षिक वृत्ति विधि से (स) अंक विधि से (द) ह्रास नहीं काटा जाता है ।
Depreciation is provided on goodwill :
(a) Diminishing balance method (b) Annuity method
(c) Numerical method (d) Depreciation is not provided.

DAVVonline.com

 DAVVonline.com 

8. अंशों का आन्तरिक मूल्य ज्ञात किया जाता है :
(अ) शुद्ध सम्पत्तियों के आधार पर
(ब) लाभों के आधार पर
(स) बाजार भाव के आधार पर
(द) सटोरियों द्वारा निर्धारित ।
The intrinsic value of shares is determined :
(a) On the basis of net asset
(b) On the basis of profit
(c) On the value of market value
(d) Decided by speculators.

9. दोहरा खाता प्रणाली में ऋणपत्रों पर ब्याज दर्शाया जाता है :
(अ) आगम खाते में (ब) पूंजी खाते में (स) शुद्ध आगम खाते में (द) इनमें से कोई नहीं ।
Under the double account system interest on debentures is shown in :
(a) Revenue account (b) Capital account (c) Net revenue account (d) None of these.

10. मिश्रित चिट्ठे में नहीं दर्शाया जावेगा :
(अ) रोकड़ (ब) स्कंध (स) अल्पमत हित (द) अन्तर कम्पनी व्यवहार ।
Which will not be shown in the consilidated balance sheet :
(a) Cash
(b) Stock
(c) Minority interest DAVVonline.com
(d) Inter company transactions.

11. धनदाता होता है :
(अ) एक लेनदार (ब) एक ऋणपत्रधारी (स) एक अंशधारी (द) उपर्युक्त सभी ।
A contributory is a :
(a) Creditor (b) Debentureholder (c) Shareholder (d) All of above.

12. सूची 'एफ' सम्बन्धित है :
(अ) पूर्वाधिकार लेनदारों से (ब) पूर्वाधिकार अंशधारियों से (स) ऋणपत्रधारियों से (द) अरक्षित लेनदारों से ।
List 'F' is related to :
(a) Preferential creditors
(b) Preference shareholders
(c) Debenture holders
(d) Unsecured creditors.

13. लेखा मानक-14 प्रभावशील हो गया है :
(अ) 1 अप्रैल, 1996 से (ब) 1 अप्रैल, 1997 से (स) 1 अप्रैल, 1995 से (द) 1 अप्रैल, 1998 से ।
AS-14 has been effected from
(a) 1 April, 1996 (b) 1 April, 1997 (c) 1 April, 1995 (d) 1 April, 1998.

14. एकीकृत कम्पनी का प्रतिफल दिया जाता है :
(अ) विनियोजित पूंजी से (ब) चालू सम्पत्ति से (स) चैक से (द) उपर्युक्त में से कोई नहीं ।
Purchase consideration of amalgamation company is made from :
(a) Capital employed (b) Current assets (c) Cheque (d) None of the above.

15. कम्पनी के दायित्व में सम्मिलित होगा :
(अ) लाभांश समानीकरण कोष (ब) पेंशन फण्ड (स) सामान्य संचय (द) कोई नहीं ।
Liabilities of a company include :
(a) Dividend equalisation fund
(b) Pension fund
(c) General reserve
(d) None of these.

**खण्ड ब : लघु उत्तरीय Section B : Short Answer** Regular 5×4=20 / Private 5×5=25

1. अवशिष्ट याचना से क्या आशय है ?
What do you mean by Calls in Arrears ?

अथवा OR

पूर्वाधिकार अंशों से क्या आशय है ?
What do you mean by Preference Shares ? DAVVonline.com

2. लाभ-हानि नियोजन विवरण पर टिप्पणी लिखिये ।
Write note on Profit and Loss Appropriation Statement.

अथवा OR

प्रबन्धकीय पारिश्रमिक पर टिप्पणी लिखिये ।
Write a note on Managerial Remuneration.

3. अंश मूल्यांकन की सम्पत्ति मूल्यांकन विधि को समझाइये ।
Explain the Assets Valuation Methods of Valuation of Shares.

अथवा OR

ख्याति के उत्पन्न होने के कारण बताइये ।
Mention the reasons of arising Goodwill.

4. अल्पमतधारियों के हित पर टिप्पणी लिखिये । Write a note on Minority Interest.

अथवा OR

निस्तारक का अन्तिम खाता विवरण को समझाइये । Explain Liquidator's Final Statement of Account.

5. कम्पनी के आन्तरिक पुनर्निर्माण से क्या तात्पर्य है ? What is meant by Internal Reconstruction of a Company ?.

अथवा OR

संविलियन के उद्देश्य बताइये । Give the objects of Merger.

DAVVonline.com

**खण्ड स : दीर्घ उत्तरीय Section C : Long Answer** Regular 5×10=50 / Private 5×12=60

1. A लिमिटेड की अधिकृत पूंजी 80,000 रुपये है जो कि 10 रुपये वाले 8,000 अंशों में विभाजित है । इसने जनता में 10 रुपये वाले 3,000 अंश निर्गमित किये, इनकी पूरी राशि रोकड़ में भुगतान की जानी है । इस सब अंशों पर पूरी राशि प्राप्त हो गई । इसने X से एक मशीन 22,000 रुपये में क्रय की जिसके लिये उसे 2,000 अंश 10% प्रीमियम पर निर्गमित किये । इसने अपने प्रवर्तकों को उनकी सेवाओं के उपलक्ष्य में 10% कटौती पर 1,000 अंश निर्गमित किये । A लिमिटेड की पुस्तकों में जर्नल के आवश्यक लेखे कीजिये और चिट्ठा बनाइये।
A Ltd. has an authorised capital of Rs. 80,000 divided into 8,000 shares of Rs. 10 each. It issued 3,000 shares of Rs. 10 each to the public payable full amount in cash. All these shares were fully paid. It purchased a machinery of Rs. 22,000 from X for which 2,000 shares were issued to him at a premium of 10%. It aslo issued 1,000 shares to its promoters at a discount of 10% in lieu of their services. Pass the necessary journal entries and prepare the balance sheet in the books of A Ltd.

अथवा OR

1 जवनरी, 2014 को Y लिमिटेड ने 4,040, 7% ऋणपत्र जिनमें से प्रत्येक 100 रुपये का है, 100 रुपये की दर से निर्गमित किये । इन ऋणपत्रों का भुगतान इनके निर्गमन के 4 वर्ष बाद होना है । इन ऋणपत्रों के भुगतान के लिये Y लिमिटेड ने 4,04,000 रुपये की बीमा पॉलिसी ली और इस पर प्रतिवर्ष 1,00,000 रुपये प्रीमियम दिया । पॉलिसी की राशि 4 वर्ष के बाद प्राप्त की गई और ऋणपत्रों का भुगतान कर दिया गया । Y लिमिटेड की पुस्तकों में आवश्यक खाते बनाइये ।
On 1st January, 2014, Y Ltd. issued 4,040, 7% debentures of Rs. 100 each @ Rs. 100. These debentures are redeemable after 4 years from the date of its issue. For the redemption of these debenture Y Ltd. took an insurance policy of Rs. 4,04,000 and a premium of Rs. 1,00,000 was paid every year on it. Policy amount was received at the expiry of four years and the debentures were paid. Open necessary accounts in the books of Y Ltd.

DAVVonline.com

2. प्रबन्धकीय पारिश्रमिक से क्या आशय है ? इसका निर्धारण कैसे किया जाता है ?
What do you mean by Managerial Remuneration ? How it is determined ?

अथवा OR

एक कम्पनी का समामेलन 1 मई, 2016 को एक व्यापार को 1 जनवरी, 2016 से क्रय करने के लिये हुआ । 31 दिसम्बर, 2016 तक खाते बनाये गए और व्यापारिक एवं लाभ-हानि खाते से निम्नांकित निष्कर्ष प्राप्त हुए :
A company was incorporated on 1st May, 2016 to take over a business from 1st January, 2016. The trading and profit and loss account for the year ending on 31st December, 2016 showed the following:

| | रुपये (Rs.) | | रुपये (Rs.) |
|---|---|---|---|
| प्रारम्भिक रहतिया (Opening Stock) | 14,000 | बिक्री (By Sales) | 1,20,000 |
| क्रय (Purchase) | 91,000 | अन्तिम रहतिया (Closing Stock) | 15,000 |
| सकल लाभ (Gross Profit) | 30,000 | | |
| | 1,35,000 | | 1,35,000 |
| किराया और कर (Rent and Taxes) | 1,800 | सकल लाभ (Gross Profit) | 30,000 |
| संचालक की फीस (Director's Fees) | 2,000 | | |
| वेतन (Salaries) | 4,800 | | |
| कार्यालय व्यय (Office Expenses) | 4,800 | | |
| यात्रा कमीशन (Travelling Commission) | 1,500 | | |
| कटौती (Discount) | 1,500 | | |
| अप्राप्य ऋण (Bad Debts) | 200 | | |
| अंकेक्षक की फीस (Auditor's Fees) | 250 | | |
| ह्रास (Depreciation) | 600 | | |
| ऋणपत्र पर ब्याज (Interest on Debentures) | 250 | | |
| क्रय मूल्य पर 31-12-16 तक ब्याज (Int. on Purchase Price upto 31-12-16) | 1,800 | | |
| शुद्ध लाभ (Net Profit) | 10,500 | | |
| | 30,000 | | 30,000 |

DAVVonline.com

1 जनवरी से 30 अप्रैल, 2016 तक की बिक्री 30,000 रुपये थी । समामेलन के पूर्व और पश्चात् का लाभ निकालिये ।
Sales from 1st January to 30 April, 2016 were Rs. 30,000. Find out profits before and after incorporation.

3. ख्याति की अवधारणा का वर्णन कीजिये और इसके मूल्यांकन की विभिन्न विधियों को स्पष्ट कीजिये ।
Describe the concept of goodwill and explain the various methods of its valuation.

अथवा OR

एक कम्पनी की दत्त पूंजी में 100 रुपये प्रति अंश के 3,000, 9% पूर्वाधिकार अंश तथा 10 रुपये प्रति अंश के (8 रुपये प्रति अंश दत्त) 60,000 समता अंश शामिल है । प्रति वर्ष करारोपण से पहले, अपेक्षित लाभ 3,18,000 रुपये है और इस प्रकार के व्यवसाय में, जैसा कि इस कम्पनी द्वारा चलाया जा रहा है, साधारण लाभ 15% है । कर की दर 50% ली जा सकती है । यह कम्पनी प्रति वर्ष लाभ का 20% सामान्य संचय को अंतरित करती है । अपेक्षित आय दर के आधार पर समता अंश का मूल्य ज्ञात कीजिये।
The paid up capital of a company consists of 3,000, 9% preference shares of Rs. 100 each and 60,000 equity shares of Rs. 10 each (Rs. 8 per share paid up). The expected profit per year before tax is Rs. 3,18,000 and the normal return for the type of business carried out by the company is 15%. The rate of tax may be taken at 50%. The company transfers 20% of the profit every year to general reserve. Find the value of equity shares on the basis of expected rate of return.

4. 31 मार्च, 2017 को X लिमिटेड तथा Y लिमिटेड के चिट्ठे निम्न थे :
Following are the balance sheets of X Ltd. and Y Ltd. as on 31 March, 2017 :

| दायित्व (Liabilities) | X Ltd. | Y Ltd. |
|---|---|---|
| अंश पूंजी (10 रुपये प्रत्येक) (Share Capital (Rs. 10 each)) | 7,00,000 | 3,00,000 |
| लेनदार (Creditors) | 4,00,000 | 1,00,000 |
| लाभ-हानि खाता (Profit and Loss A/c) | 1,50,000 | 60,000 |
| | 12,50,000 | 4,60,000 |
| **सम्पत्ति (Assets)** | **X Ltd.** | **Y Ltd.** |
| स्थायी सम्पत्तियां (Fixed Assets) | 6,00,000 | 2,00,000 |
| चालू सम्पत्तियां (Current Assets) | 2,50,000 | 1,80,000 |
| नकद एवं बैंक (Cash and Bank) | 4,00,000 | 80,000 |
| | 12,50,000 | 4,60,000 |

DAVVonline.com

1 अप्रैल, 2017 को X लिमिटेड ने Y लिमिटेड के 80% अंश 15 रुपये की दर से क्रय किये । 1 अप्रैल, 2017 को मिश्रित चिट्ठा बनाइये ।

**On 1st April, 2017 X Ltd. aquired 80% shares of Y Ltd. at Rs. 15 per share. Prepare Consolidated** Balance Sheet on 1st April, 2017.

अथवा OR

सूत्रधारी कम्पनी एवं सहायक कम्पनी से क्या आशय है ? इनके गुण-दोषों का विवेचन कीजिये ।
What do you understand by Holding and Subsidiary Company ? Discuss its advantages and disadvantages.

5. विलय के स्वभाव और क्रय के स्वभाव के एकीकरण से आप क्या समझते हैं ? इन दोनों में क्या अन्तर है ?
What do you mean by amalgamation in the nature of the merger and nature of purchase ? What is the difference between the two ?

अथवा OR

ए लिमिटेड की अधिकृत पूंजी 10 रुपये वाले 1,00,000 अंशों में विभक्त 10,00,000 रुपये थी । इन सभी अंशों को निर्गमित किया गया था तथा जिन पर 8 रुपये प्रति अंश चुकता थे । वर्ष 2017 में कम्पनी ने यह निर्णय लिया कि 3 रुपये प्रति अंश से भुगतान कर दिया जाये तथा 10 रुपये के अंश को घटाकर 5 रुपये प्रति अंश पूर्ण चुकता कर दिया जाये और बकाया राशि को रद्द कर दिया जाये । लाभ-हानि खाते में 4,00,000 रुपये का क्रेडिट शेष था । जर्नल प्रविष्टियां कीजिये एवं 31 मार्च, 2017 को चिट्ठे में अंश पूंजी को दर्शाइये ।
Vikram Ltd. had Rs. 10,00,000 authorised capital divided into 1,00,000 shares of Rs. 10 each. All these shares were issued and were paid up Rs. 8 per share. The company decided in 2017 to pay off Rs. 3 per share and to reduce the Rs. 10 share to Rs. 5 share fully paid up by cancelling unpaid amount. There was credit balance of Rs. 4,00,000 in its Profit and Loss A/c. Pass necessary journal entries and show how share capital will appear in B/S of 31-03-17.

DAVVonline.com